दैनिक
# जयवर्द्धन
पत्र पंजीयन संख्या RJBIL/26/A5478

पेज 4 पर पढ़े - हिंदुस्तान जिंक की ग्रीन लॉजिस्टिक्स में बड़ी पहल



वर्ष - 01 | अंक - 50 | राजसमंद - शुक्रवार, 11 सितम्बर 2026 | मूल्य - 2 रुपया | मो.- 96729 80901 | पृष्ठ - 4

# तीन निकाय में 66,217 वोटर करेंगे आज तय करेंगे 242 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला

## - राजसमंद, भीम व देवगढ़ निकाय के 90 वार्ड के पार्षद के लिए मतदान आज



राजसमंद। नगर परिषद चुनाव को लेकर कांकरोली के राउमावि सुरजपोल में बने मतदान केन्द्र पर सामग्री के साथ पहुंची पोलिंग पार्टियां।



राजसमंद। जिला मुख्यालय पर स्थित मतदान केन्द्र पर पहुंचकर तैयारियों का जायजा लेते जिला निर्वाचन अधिकारी (कलेक्टर) अरूण कुमार हसीजा।



राजसमंद। शांतिपूर्ण मतदान करवाने की मंशा को लेकर शहर में पैदल गश्त करते पुलिस अधिकारी व जवान।

**जयवर्द्धन न्यूज़**

राजसमंद। नगर निकाय चुनाव के दूसरे चरण में जिले के नगर परिषद राजसमंद के साथ नगरपालिका देवगढ़ और भीम में मतदान होगा। तीनों निकाय के 90 वार्डों में 66 हजार 845 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर चुनाव मैदान में उतरे प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। राजसमंद नगर परिषद के 45 वार्डों में 118 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं, जबकि नगरपालिका देवगढ़ के 25 वार्ड में 64 प्रत्याशी और नगरपालिका भीम के 20 वार्डों में 62 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। इस तरह तीनों निकायों में कुल 244 प्रत्याशियों के बीच मुकाबला है, जिनमें से भीम के 2 वार्ड पाषर्द पहले चुन लिए गए हैं, जबकि 242 प्रत्याशियों का चुनाव करने के लिए शुक्रवार को मतदान होगा। दो दिन पहले नाथद्वारा व आमेट में मतदान हो चुका है, जबकि शुक्रवार को राजसमंद, देवगढ़ व भीम नगरपालिका में मतदान होगा। उसके बाद 14 सितंबर को पांचों नगर निकाय की मतगणना होगी और परिणाम घोषित होंगे। इसके लिए जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा के नेतृत्व में तमाम रिटर्निंग अधिकारी आवश्यक तैयारियों में जुटे हुए हैं।

### 3 निकाय में 67 हजार 263 मतदाता, 90 वार्ड पार्षद का करेंगे चयन

| निकाय | - वार्ड | - मतदान केंद्र | - पुरूष | - महिला | - थर्ड जेंडर | - कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| भीम | - 20 | - 20 | - 4364 | - 4261 | - 1 | - 8626 |
| देवगढ़ | - 25 | - 25 | - 6791 | - 6689 | - 1 | - 13481 |
| राजसमंद | - 45 | - 50 | - 23024 | - 22131 | - 1 | - 45156 |
| कुल | - 90 | - 95 | - 34179 | - 33081 | - 3 | - 67263 |

### त्रिकोणीय मुकाबला (3 प्रत्याशी मैदान में)

| वार्ड | कांग्रेस प्रत्याशी | - भाजपा प्रत्याशी | - निर्दलीय प्रत्याशी |
|---|---|---|---|
| वार्ड 2 | - किशनलाल | - सुरेशचंद्र | - मोहन गाडरी |
| वार्ड 3 | - मधु देवी | - जया माली | - हिमांशी आचार्य |
| वार्ड 8 | - मीनाक्षी | - सुरभि | - गौरी कुम्हार |
| वार्ड 9 | - मांगीलाल | - चम्पालाल | - भरत कुमार राव |
| वार्ड 10 | - मंजू कुमावत | - दीपिका कुमावत | - प्रेमी देवी कुमावत |
| वार्ड 17 | - नीलम त्यागी | - तारा देवी | - ऋषिका शर्मा |
| वार्ड 18 | - प्रकाश गुर्जर | - हरीश कुमावत | - गौरव कुमावत |
| वार्ड 20 | - हेमंत गुर्जर | - ललित प्रकाश जैन | - विकास अग्रवाल |
| वार्ड 22 | - हिमानी नंदवाना | - अशोक कुमार | - अमित वर्मा (आप) |
| वार्ड 27 | - पुष्पा पोरवाड़ | - चंचल गारू | - रंजना यादव |
| वार्ड 31 | - संगीता देवी | - अंजना खटीक | - मंजू देवी |
| वार्ड 34 | - हेमन्त रजक | - मांगीलाल | - राकेश खटीक |
| वार्ड 35 | - आशीष पालीवाल | - धीरज पुरोहित | - पारसमल खटीक |
| वार्ड 39 | - पप्पू माली | - भेरूलाल माली | - सुरेश चंद्र माली |
| वार्ड 41 | - रवि गर्ग | - देवेंद्र यादव | - ईश्वर पहाड़िया |
| वार्ड 45 | - शम्भूलाल | - दिनेश कुमावत | - शांतिलाल कुमावत |

### आमने- सामने का मुकाबला : (सीधी टक्कर - 2 प्रत्याशी)

| वार्ड संख्या - | कांग्रेस प्रत्याशी | - भाजपा प्रत्याशी |
|---|---|---|
| वार्ड 1 | - उदयलाल सुथार | - चेतन्य कुमार |
| वार्ड 5 | - पुष्करलाल श्रीमाली | - विजय कुमार जैन |
| वार्ड 6 | - आशादेवी पालीवाल | - अनिता |
| वार्ड 7 | - रवीना कुंवर | - कुशल कुंवर |
| वार्ड 11 | - सरोज महला | - सुंदर कुंवर |
| वार्ड 12 | - मोहनलाल | - कुलदीप गौरवा |
| वार्ड 13 | - मधु | - अन्जना कच्छारा |
| वार्ड 14 | - नन्द किशोर | - खुशकमल कुमावत |
| वार्ड 15 | - कल्पना कौर | - सुलोचना कुमावत |
| वार्ड 16 | - हिम्मतलाल कीर | - शिशपाल सिंह |
| वार्ड 19 | - इन्दरलाल मीणा | - प्रभुलाल भील |
| वार्ड 21 | - अर्पिता मीणा | - रूपा भील |
| वार्ड 23 | - दुर्गाकुमारी कुमावत | - ललिता कुमावत |
| वार्ड 24 | - छगनलाल | - राजेश पालीवाल |
| वार्ड 25 | - भुरालाल कुमावत | - मोहनलाल कुमावत |
| वार्ड 26 | - पुष्पा देवी | - मधु चोरडिया |
| वार्ड 28 | - राजकुमारी | - विकास पालीवाल |
| वार्ड 32 | - जयदेव | - मोहनलाल कुमावत |
| वार्ड 33 | - अशोक टांक | - महीपसिंह चारण |
| वार्ड 36 | - प्रमोद कुमार रेगर | - भरत पालीवाल |
| वार्ड 37 | - पीरूलाल खींची | - उत्तम खींची |
| वार्ड 38 | - उमेश खटीक | - मेवालाल |
| वार्ड 42 | - सुन्दरदेवी वैष्णव | - सोना कंवर |
| वार्ड 43 | - दीपक खत्री | - दिनेशचंद पालीवाल |

### नगरपरिषद राजसमंद : 118 प्रत्याशियों में से कौन बनेंगे 45 पार्षद

राजसमंद नगर परिषद के 45 वार्डों में 118 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इन प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला परिषद क्षेत्र के 45,155 मतदाता करेंगे। मतदाता सूची के अनुसार इनमें 23,024 पुरुष, 22,130 महिला और एक थर्ड जेंडर मतदाता शामिल है। वार्डवार मतदाताओं की संख्या में काफी अंतर है। वार्ड 4 में सबसे कम 349 मतदाता हैं, जबकि वार्ड 30 में सबसे अधिक 1,644 मतदाता हैं। वार्ड 4 में 178 पुरुष और 171 महिला मतदाता हैं। वहीं वार्ड 30 में 857 पुरुष और 787 महिला मतदाता हैं। मतदाताओं की संख्या के लिहाज से वार्ड 30 सबसे बड़ा है। इसके बाद वार्ड 34 में 1,520, वार्ड 6 में 1,400 और वार्ड 38 में 1,238 मतदाता हैं। ऐसे में इन वार्डों में मतदाताओं की संख्या चुनावी मुकाबले में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। राजसमंद नगर परिषद के 45 वार्डों में 9 वार्ड ऐसे हैं, जहां महिला मतदाताओं की संख्या पुरुषों से अधिक है। इनमें वार्ड 3, 8, 9, 13, 19, 26, 29, 30 और 39 शामिल हैं। वार्ड 18 में पुरुष और महिला मतदाताओं की संख्या बराबर है। यहां 468 पुरुष और 468 महिला मतदाता हैं। वहीं वार्ड 8 में 389 पुरुष और 408 महिला मतदाता हैं। इस वार्ड में एक थर्ड जेंडर मतदाता भी है। महिला मतदाताओं की सबसे कम संख्या वार्ड 4 में 171 है। इसी वार्ड में पुरुष मतदाताओं की संख्या भी सबसे कम 178 है। दूसरी ओर वार्ड 30 में सबसे अधिक 787 महिला और 857 पुरुष मतदाता हैं।

### नगरपालिका देवगढ़ : 64 प्रत्याशी में 25 पार्षद चुनेंगे 13,482 मतदाता

देवगढ़ नगरपालिका के 25 वार्डों में 64 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इनके भाग्य का फैसला नगरपालिका क्षेत्र के 13,482 मतदाता करेंगे। यहां 6,792 पुरुष, 6,689 महिला और एक अन्य मतदाता शामिल है। पुरुषों की तुलना में महिला मतदाताओं की संख्या सिर्फ 103 कम है। देवगढ़ नगरपालिका के सभी 25 वार्डों के लिए 25 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों पर मतदाता अपने वार्ड के प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करेंगे। मतदाताओं की संख्या के लिहाज से वार्ड 19 देवगढ़ का सबसे बड़ा वार्ड है। यहां कुल 867 मतदाता हैं, जिनमें 441 पुरुष और 426 महिलाएं हैं। इसके बाद वार्ड 15 में 860 और वार्ड 8 में 735 मतदाता हैं। वहीं वार्ड 4 में सबसे कम 320 मतदाता हैं। इनमें 169 पुरुष और 151 महिला मतदाता शामिल हैं। मतदान के लिए अलग-अलग वार्डों में स्कूल, नगरपालिका भवन और अन्य सार्वजनिक भवनों को मतदान केंद्र बनाया गया है।

### नगरपालिका भीम : 2 पार्षद निर्विरोध बने, 18 का चुनाव आज

नगरपालिका भीम में कुल 20 वार्ड है, जिसमें से 2 वार्ड पार्षद का चुनाव निर्विरोध हो चुका है। आंकड़ों के अनुसार यहां 8,208 मतदाता हैं। इन मतदाताओं के सामने वार्डवार चुनावी मुकाबले में प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करने की जिम्मेदारी है। इस तरह अब 18 पार्षद के लिए ही शुक्रवार को भीम में मतदान होगा। इसके 18 वार्ड पार्षद के लिए 62 प्रत्याशी मैदान में है। दो प्रत्याशियों के निर्विरोध चुने जाने के बाद मतदान वाले मुकाबले में 60 प्रत्याशियों के बीच चुनाव होगा।

### राजसमंद : कांग्रेस बोर्ड बचाने और भाजपा छीनने की जुगत में

निर्वाचन विभाग द्वारा सभी 50 केंद्रों पर पोलिंग पार्टियों को आवश्यक सामग्री और ईवीएम मशीनों के साथ पहुंचा दिया गया है। मतदान दिवस को लेकर चुनाव मैदान में उतरे सभी उम्मीदवारों ने भी अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं और मतदाताओं को साधने का अंतिम प्रयास किया जा रहा है। शहर में भाजपा एवं कांग्रेस सहित अन्य के बीच चल रहें चुनावी मुकाबले के जनसंपर्क का दौर शुक्रवार रात अंतिम समय था। जहां कांग्रेस अपना बोर्ड बचाने का प्रयास करने में लगी हुई है वहीं भाजपा अपना बोर्ड बनाने के लिए नए सिरे से प्रयत्न करने में लगी हुई है। गौरतलब है कि इस बार के चुनाव में भाजपा ने अपने पुराने चेहरों पर ज्यादा भरोसा दिखाते हुए उन्हें चुनावी मैदान में उतारा है। हांलाकि कांग्रेस ने भी एक दर्जन से अधिक पुराने चेहरें को ही फिर मौका दिया है। नगर परिषद के इस चुनाव में 45 में से 24 वार्डो में कांग्रेस व भाजपा के बिच सिधा मुकाबला है। जबकि 16 वार्डो में त्रिकोणिय व वार्ड संख्या 4, 29 व 30 में चार-चार तथा वार्ड संख्या 40 व 44 में भाजपा व कांग्रेस के अलावा तीन-तीन निर्दलीय यानि कुल पांच-पांच प्रत्याशी चुनाव लड़ रहें है।

### सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम, निकाला फ्लैग मार्च

शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। सभी मतदान केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस जाब्ता तैनात कर दिया गया है। एसपी हेमंत कलाल के निर्देश में एएसपी महेन्द्र पारीक, डीएसपी नेत्रपालसिंह के नेतृत्व में सीआई सरोज बैरवा, ओंकारसिंह मय पुलिस जाब्ते के साथ शहर के विभिन्न वार्डों और संवेदनशील इलाकों में पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च निकालकर आमजन को भयमुक्त होकर मतदान करने का संदेश दिया गया है। जिला निर्वाचन आयोग ने सभी मतदाताओं से बिना किसी डर या प्रलोभन के अपने-अपने मतदान केंद्रों पर पहुंचकर अपने अमूल्य वोट का प्रयोग करने की अपील की है। वहीं जिला निर्वाचन अधिकारी (कलेक्टर) अरूण कुमार हसीजा ने शहर के मतदान केन्द्रों का अवलोकन किया और वहां मौजूद पोलिंग पार्टियों में शामिल अधिकारियों व कर्मचारियों से संवद कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

### बहुकोणीय मुकाबला (4 या अधिक प्रत्याशी)

वार्ड 4 से कैलाश निष्कलंक (भाजपा), नारायण लाल गाडरी (कांग्रेस), सुनीला पाल एवं गणेश गाडरी (निर्दलीय), वार्ड 29 में कृष्ण कुमार अग्रवाल (भाजपा), चुन्नीलाल पंचोली (कांग्रेस), दीपक छीपा व दीपक वैष्णव (निर्दलीय), वार्ड 30 एलमुद्दीन (भाजपा), जैबा शाहिन (कांग्रेस), अर्जुन व सत्तार हुसैन (निर्दलीय), वार्ड 40 में कैलाश पुरोहित (भाजपा), जतिन सेन (कांग्रेस), अब्दुल मुस्तफा, नावेद खान पठान, जावेद हुसैन (सभी निर्दलीय) वार्ड 44 मुरलीधर भोई (भाजपा), यशवंत भोई (कांग्रेस), सुहेल मोहम्मद (निर्दलीय), राजमल सेठ (निर्दलीय) व हिम्मत कुमार मेहता (निर्दलीय) उम्मीदवार है। नामांकन पत्रों की जांच के बाद अब चुनावी बिसात बिछ चुकी है। नाम वापसी के बाद चुनावी मैदान की अंतिम तस्वीर और साफ हो गई है। शहर की सरकार चुनने के लिए आगामी 11 सितंबर को मतदान होगा।

## जयवर्द्धन सम्पादकीय

# रेल सेवा का विस्तार

देश के व्यस्त रेल मार्गों पर यातायात के दबाव को देखते हुए सात रेल मार्गों को चार लेन का बनाने का फैसला समय की मांग के अनुरूप है। इस फैसले पर अमल से ट्रेनों की क्षमता बढ़ाने और यात्रा को ज्यादा सुगम बनाने में तो सहायता मिलेगी ही, ट्रेनों के लेट होने की समस्या का भी समाधान होगा। चूंकि जिन सात रेल मार्गों को चार लेन का करने का निर्णय लिया गया, वे सभी अति व्यस्त रेल रूट हैं, इसलिए देश के अनेक बड़े शहरों को इसका लाभ मिलेगा।

उल्लेखनीय यह भी है कि इससे यातायात के साथ माल ढुलाई भी बेहतर होगी। केंद्रीय कैबिनेट ने रेल सेवा के आधुनिकीकरण को ध्यान में रखते हुए तीन मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं को भी मंजूरी दी है। इनके पूरा होने से भारतीय रेलवे के नेटवर्क में करीब 656 किलोमीटर की बढ़ोतरी होगी।

समय के साथ जिस तरह आवाजाही तेजी के साथ बढ़ रही है, उसे देखते हुए रेल सेवा के आधुनिकीकरण और उसके विस्तार को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। यह सही है कि सड़क यातायात अपेक्षाकृत सुगम होने के साथ हवाई सेवाएं भी नए-नए शहरों में पहुंच रही हैं, लेकिन भारत सरीखे बड़े और विशाल आबादी वाले देश में रेल सेवा का कोई विकल्प नहीं।

आज भी बड़ी संख्या में लोग रेल से यात्रा करना पसंद करते हैं, लेकिन ट्रेनों में सीटों की उपलब्धता में कमी के कारण कुछ लोगों को मजबूरी में सड़क या हवाई सेवा का चयन करना पड़ता है। त्योहारों और अन्य विशेष अवसरों पर ट्रेनों में सीटें मिलना अभी भी कठिन बना हुआ है। एक समस्या उनकी लेट-लतीफी भी है। इसका कारण पर्याप्त रेल मार्ग न होना है। देश के अनेक क्षेत्र ऐसे हैं, जो अभी रेल सेवा से नहीं जुड़ सके हैं।

कुछ बड़ी आबादी वाले क्षेत्र ऐसे हैं, जहां तक जाने के लिए ट्रेन कठिनाई से उपलब्ध होती है। इसे देखते हुए रेल सेवा का विस्तार कहीं अधिक तेजी से होना चाहिए। इसके पहले रेल मंत्री ने यह जानकारी दी थी कि स्वदेशी बुलेट ट्रेन का परीक्षण अगले वर्ष मई-जून में होगा और यदि सब कुछ सही रहा तो दिसंबर में उसका संचालन शुरू हो जाएगा। यह एक उपलब्धि तो होगी, लेकिन यह ध्यान रहे कि बुलेट ट्रेन परियोजना को साकार करने में देर हुई है।

जापान, चीन और यूरोपीय देश न जाने कब से प्रमुख मार्गों पर बुलेट ट्रेन चला रहे हैं। इसी तरह एक सच्चाई यह भी है कि इन देशों में सामान्य ट्रेनों की औसत गति भारत के मुकाबले कहीं अधिक है। यह ठीक है कि पिछले कुछ वर्षों में चुनिंदा ट्रेनों की रफ्तार बढ़ी है, लेकिन अभी कुल मिलाकर उनकी गति सीमा दो सौ किमी प्रति घंटे के अंदर ही है और कुछ ट्रेनों को तो सुरक्षा कारणों से तय गति से कम रफ्तार में ही चलाने की मजबूरी है।

# स्टाफ बोला- झूठी शिकायत से मॉडल स्कूल को बदनाम करने की साजिश

**- देवगढ़ स्थित मॉडल स्कूल के विरुद्ध शिकायत का मामला**

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद.** देवगढ़ स्थित मॉडल स्कूल में मांस पकाने व वित्तीय अनियमितता के मामले में नया मोड़ सामने आया है। स्कूल स्टाफ का कहना है कि कतिपय व्यक्ति ने जो शिकायत की, वह झूठी और भ्रामक है, जिससे पूरा स्टाफ स्तब्ध है। बेबुनियाद शिकायत कर स्कूल को बदनाम करने की साजिश बताया। इधर, मॉडल स्कूल प्रिंसीपल कैलाशसिंह चौहान ने भी झूठी शिकायत बताया है।

स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल देवगढ़ के समस्त कार्मिकों ने पत्र में बताया कि देवगढ़ निवासी विद्याधर वैष्णव की झूठी शिकायत के समाचार ने सबको आहत किया है। इससे न सिर्फ स्कूल स्टाफ, बल्कि अभिभावक व छात्रों में भी गलत संदेश गया है। इस कारण नकारात्मक धारणाएं उत्पन्न हो रही है। स्कूल के सभी स्टाफ का स्पष्ट मत है कि स्कूल में शैक्षणिक वातावरण बनाए रखने तथा विद्यार्थियों के हित में सभी शिक्षक व कर्मचारी कटिबद्ध है। स्टाफ ने पत्र में लिखा है कि सभी का उद्देश्य है स्कूल में शांतिपूर्ण, स्वस्थ् व उत्तम शैक्षणिक वातावरण बनाए रखना और विद्यार्थी हित में कार्य करना है। देवगढ़ विद्याधर वैष्णव द्वारा जो शिकायत की गई है, वह अब सवालों के घेरे में है। हालांकि इसकी जांच अभी शेष है। इधर, आमेट के जिला शिक्षा अधकारी एवं अनुसंधान अधिकारी गिरजाशंकर मिश्रा ने बताया कि चुनावी कार्य की व्यस्तता के चलते अभी तक शिकायत की जांच नहीं हुई है। जांच पूरी होने के बाद ही दूध का दूध और पानी का पानी हो सकेगा। तभी पता चलेगा कि आखिर शिकायत सही है या गलत। पत्र में स्कूल कार्मिकों में शंकरलाल रेगर, धर्मेन्द्र शर्मा, महेंद्रसिंह, संतोष सिंह, सरोज वैष्णव, आशा सुखवाल, आनंद सोलंकी, अंकिता भाटी, लीला कंवर, भैरूलाल, पूरणसिंह चौहान सहित समस्त स्टाफ ने उक्त शिकायत को झूठी व भ्रामक बताया है।

### झूठे व बेबुनियाद आरोप से हुई बदनामी

गलत व झूठी शिकायत कर स्कूल को बदनाम किया है, जो गलत है। न तो स्कूल में मांस पका और न ही कोई वित्तीय धांधली हुई। भ्रामक व झूठी शिकायत है। मैं सभी आरोप व शिकायत खंडन करता हूं। साथ ही विभाग निष्पक्ष जांच करते हुए ऐसे झूठी शिकायतकर्ता के खिलाफ कार्रवाई करनी होगी।

**- कैलाश सिंह चौहान,**
**प्रधानाचार्य, स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल देवगढ़**

### आखिर झूठी शिकायतें क्यों ?

एक शिकायत ने देवगढ़ स्थित स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े दिए। इधर, स्कूल स्टाफ और प्रधानाचार्य ने शिकायत को पूरी तरह झूठा और भ्रामक बताते हुए आरोपों का खंडन किया है। उनका कहना है कि ऐसी शिकायत से विद्यालय की छवि प्रभावित हुई है और विद्यार्थियों, अभिभावकों तथा स्टाफ के बीच गलत संदेश गया है। अगर यह शिकायत गलत है, तो दैनिक जयवर्द्धन भी खेद व्यक्त करता है। मामला इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि विद्यालय केवल एक संस्था नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़ा स्थान है, जो बड़ा ही संवेदनशील है।

# अत्यधिक बुद्धि ही कई बार विवाद का कारण बनती है : साध्वी महिमा





जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** श्रीवर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ के तत्वावधान में नजरवाड़ी स्थित ओसवाल भवन में पर्युषण पर्व के तीसरे दिन आयोजित धर्मसभा को में साध्वी महिमा ने कहा कि कलयुगी जीवन में ज्ञानी से अधिक सुखी अज्ञानी प्रतीत होते हैं, क्योंकि अत्यधिक बुद्धि ही कई बार विवाद और झगड़ों का कारण बनती है। उन्होंने जीवन का सार बताते हुए कहा यह तन रोगों की खान है, धन भोगों की खान, ज्ञान सुखों की खान और अज्ञान दुखों की खान है। साध्वी ने बताया कि मानव शरीर के 3.5 करोड़ रोम छिद्रों में अनेक विकार और रोग निहित हैं, फिर भी असीम पुण्य के प्रभाव से जीवन सुरक्षित है। उन्होंने वर्तमान समय में अविवेक के बढ़ते प्रभाव पर चिंता व्यक्त की। प्रचार प्रसार मंत्री भैरूलाल हिंगड़ ने बताया कि सभा में साध्वी हंस ने स्वाद और विवाद विषय पर सारगर्भित विचार रखे, वहीं साध्वी तेजस ने अंतगड़ दशांग सूत्र का वाचन किया। शुक्रवार को बड़ा कल्प (चुंदरी कल्प) का आयोजन किया जाएगा, जिसे अधिकांश श्रद्धालु उपवास रखकर मनाएंगे। संघ अध्यक्ष कैलाश चंद्र तलेसरा के अनुसार दादा गुरु अजरामर स्वामी के गादी स्थल से प्राप्त द्वितीय व तृतीय सिक्के का लाभ क्रमशः मनोहरलाल, चंद्रप्रकाश, आर्यन सियाल परिवार एवं बाबूलाल, सुरेशचंद्र, लक्ष्मीलाल, दिव्यांश हिंगड़ परिवार ने प्राप्त किया। वहीं संवत्सरी महापर्व की पूर्वसंध्या पर सामूहिक धारणा का लाभ लेने की घोषणा मुकेश कुमार, विकास, लोकेश बोल्या परिवार द्वारा की गई, जिस पर पूरा पांडाल हर्ष-हर्ष, जय-जय के जयकारों से गूंज उठा। कार्यक्रम के अंत में प्रभावना का वितरण कंचन देवी प्रकाश खरवड़ परिवार की ओर से किया गया। मंच संचालन और आगामी कार्यक्रमों की जानकारी सुधीर कुमार पगारिया ने दी।

# असहाय वृद्धा व दिव्यांग संतानों के लिए दी सहायता

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** आनंदमार्ग सेवादल के मानव सेवा प्रकल्प के तहत समीपवर्ती मोही ग्राम में अपनी चार दिव्यांग संतोनों का बेहद कठिनाईपूर्वक गुजारा चला रही असहाय वृद्धा व परिवार के लिए मदद का हाथ बढ़ाते हुए गुरूग्राम निवासी भामाशाह की ओर सहायता के साथ सम्बल प्रदान किया गया। सेवादल सदस्य आनन्दमयी व अनुपम खिलनानी ने मोही पहुंचकर गुरूग्राम निवासी भामाशाह छंदा आनंद के आर्थिक सहयोग से बेवा



मोहनी बाई के परिवार को राशन सामग्री व आर्थिक सहायता प्रदान की। उल्लेखनीय है कि 72 वर्षीय मोहनी बाई के चारों पुत्र-पुत्रियां दिव्यांग है जिनकी आयु 45-50 वर्ष है। परिवार में आय का कोई जरिया नहीं होने के कारण जीवन-यापन करना मुश्किल हो रहा है। इसे देखते हुए सेवादल की ओर से भामाशाहों के सहयोग से उक्त परिवार को विगत लम्बे समय से हर माह सहायता अनवरत रूप से पहुंचाई जा रही है। इससे परिवार को सम्बल मिल रहा है। इस दौरान संस्था सदस्यों ने परिवार को भरोसा दिलाया कि आगे भी यह व्यवस्था सुचारु रूप से जारी रहेगी। सदस्यों ने आमजन से आह्वान किया है कि अपने आसपास रहने वाले ऐसे असहाय व निर्धनतम लोगों की यथासम्भव मदद कर उन्हें सम्बल दें।

## गोवर्धन गौशाला में गायों को खिलाई 10 क्विंटल हरी घास

**राजसमंद।** पीपली आचार्यान गांव निवासी प्रकाश कीर पुत्र रमेश चंद्र कीर के घर पुत्र जन्म पर गोवर्धन गौशाला में गायों को 10 क्विंटल हरी घास खिलाई गई। पुत्र जन्म की खुशी में परिजनों की ओर से यह सेवा कार्य किया गया। गोवर्धन गौशाला में समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से गायों की सेवा की जाती है। इस दौरान गौशाला के व्यवस्थापक शिवलाल कीर एवं राकेश कीर ने गायों को हरी घास डाली। परिजनों ने पुत्र जन्म की खुशी गायों की सेवा कर मनाई। इस दौरान मनोहरलाल कीर तथा बीएल कीर मौजूद थे।

### मिराज ग्रुप के वाइस चेयरमैन मंत्रराज पालीवाल ने किया बाबूलाल गुप्ता का स्वागत



राजसमंद। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल दिल्ली एवं राजस्थान खाद्य पदार्थ व्यापार संघ जयपुर के चेयरमैन बाबूलाल गुप्ता की होटल रेडिसन में मिराज ग्रुप के वाइस चेयरमैन मंत्रराज पालीवाल से मुलाकात हुई। मुलाकात के दौरान वाइस चेयरमैन मंत्रराज पालीवाल ने गुप्ता का इकलाई पहनाकर स्वागत किया तथा स्मृति चिह्न के रूप में भगवान शिव की प्रतिमा की छवि भेंट की। इस दौरान दोनों दिग्गजों के बीच क्षेत्र एवं प्रदेश में उद्योग-व्यापार से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों, संभावनाओं और व्यापारिक गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा हुई। इस दौरान राजस्थान खाद्य पदार्थ व्यापार संघ (जयपुर) के उदयपुर संभागीय प्रभारी प्रकाश सोनी एवं जिला खाद्यान्न व्यापार सोसायटी (राजसमंद) के महामंत्री विशाल पालीवाल मौजूद थे।

# स्विफ्ट कार से 45 किलो डोडा पोस्त पकड़ा

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** एसपी हेमंत कलाल के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत भीम थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने लावारिस हालत में खड़ी एक बिना नंबर की स्विफ्ट कार से 44 किलोग्राम 920 ग्राम अवैध डोडा पोस्त बरामद कर कार को जब्त कर लिया है। यह कार्रवाई एएसपी महेंद्र पारीक एवं वृत्ताधिकारी भीम राकेश कुमार के सुपरविजन तथा थानाधिकारी भीम दिलीप कुमार खदाव (पुलिस निरीक्षक) के नेतृत्व में की गई। डीएसटी (जिला विशेष टीम) एवं साइबर सेल से भीम पुलिस को सटीक सूचना मिली थी कि बरतू-भीम स्थित महावीर स्कूल के पीछे एक सफेद रंग की बिना नंबर की स्विफ्ट कार संदिग्ध अवस्था में खड़ी है। कार की पिछली सीट पर



काले रंग का कट्टा रखा हुआ है, जिसमें अवैध मादक पदार्थ होने की पूरी संभावना है। सूचना मिलते ही थानाधिकारी पुलिस टीम के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे। मौके पर कच्चे रास्ते पर कार लावारिस हालत में पाई गई। पुलिस टीम द्वारा आसपास काफी तलाश की गई, लेकिन कार का चालक या मालिक वहां मौजूद नहीं मिला। इसके बाद जब पुलिस ने कार की तलाशी ली, तो पिछली सीट और डिग्गी में रखे तीन काले प्लास्टिक के कट्टों से कुल 44 किलो 920 ग्राम अवैध डोडा पोस्त बरामद हुआ। पुलिस ने डोडा पोस्त और परिवहन में प्रयुक्त बिना नंबर की स्विफ्ट कार को जब्त कर एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। प्रकरण की अग्रिम अनुसंधान दिवेर थानाधिकारी सवाई सिंह द्वारा किया जा रहा है। पुलिस अब वाहन के मालिक और अवैध मादक पदार्थ की तस्करी में संलिप्त आरोपियों की सरगर्मी से तलाश कर रही है। कार्रवाई में भीम थानाधिकारी दिलीप कुमार खदाव, हेड कांस्टेबल अनिल कुमार, सत्यनारायण, कांस्टेबल विनोद कुमार, बाबूलाल, ओमाराम और अंतराम शामिल रहे। कार्रवाई में डीएसटी प्रभारी केसरराम (उप निरीक्षक), हेड कांस्टेबल अरविंद, कांस्टेबल इंद्रचंद, ओमप्रकाश, राहुल, किशोर और चालक हंसराज का सराहनीय योगदान रहा।

# सामायिक केवल बैठने की क्रिया नहीं, अपने भीतर झांकने और आत्मचिंतन की साधना

जयवर्द्धन न्यूज़

### प्रज्ञा विहार में सामायिक दिवस पर विशेष प्रवचन

राजसमंद। प्रज्ञा विहार परिसर कांकरोली में गुरुवार को पर्युषण पर्वाधिराज के तहत आयोजित प्रवचन में सामायिक की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए वक्ता ने कहा कि सामायिक व्यक्ति के जीवन में आत्मचिंतन, आत्मशुद्धि और आत्मानुशासन का महत्वपूर्ण माध्यम है। यह केवल कुछ समय शांत बैठने की क्रिया नहीं, बल्कि अपने भीतर झांककर स्वयं को समझने और अपने जीवन के आचरण का अवलोकन करने की साधना है। वक्ता ने जैन



दर्शन में अहिंसा के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि सामायिक व्यक्ति के मन में सभी जीवों के प्रति मैत्री, करुणा और समभाव की भावना विकसित करती है। यह मनुष्य को बाहरी भटकाव से हटाकर अधर्म से धर्म की ओर, असंयम से संयम की ओर तथा अशांत मन से आत्मशांति की ओर ले जाती है। आज के भागदौड़ भरे जीवन में मानसिक शांति के लिए सामायिक की आवश्यकता और अधिक बढ़ गई है। पर्युषण पर्व के दौरान आयोजित यह सामायिक दिवस सभी को जीवन में समता, अहिंसा और आत्मानुशासन अपनाने की प्रेरणा देता है।

# आईडाणा में चिकित्सा शिविर में 212 लोगों का फ्री इलाज

जयवर्द्धन न्यूज़



**राजसमंद।** केलवा-आमेट रोड स्थित मार्बल एसोसिएशन भवन में स्वर्गीय भंवरी देवी पत्नी सूरजकरण सोमानी की प्रथम पुण्यस्मृति पर आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर में 212 लोगों को फ्री परामर्श व उपचार किया गया। यह शिविर महेश ग्रेनाइट, अनंता चिकित्सालय एवं माहेश्वरी संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक चला। शिविर में जनरल मेडिसिन, नेत्र रोग, शिशु व बाल रोग, जनरल सर्जरी, स्त्री व प्रसूति रोग, नाक-कान-गला, त्वचा तथा हड्डी रोग विशेषज्ञों ने अपनी सेवाएं दीं। इसके साथ ही मरीजों के लिए ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन, ईसीजी एवं नेत्र जांच की सुविधा पूरी तरह निःशुल्क रही। शिविर में कुल 212 मरीजों का पंजीयन कर उन्हें 5 दिन की दवाइयां निःशुल्क वितरित की गई। मोतियाबिंद से पीड़ित मरीजों के लिए अनंता अस्पताल में निःशुल्क ऑपरेशन की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। वक्ताओं ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे स्वास्थ्य शिविर आमजन के लिए अत्यंत उपयोगी साबित होते हैं। कार्यक्रम के दौरान विष्णु सोमानी, सत्यनारायण सोमानी, जगदीश माहेश्वरी, महेंद्र जैन, बजरंगलाल सोमानी, गोविंद मालू, धर्मेश कोठारी, अशोक गेडला, नरेंद्र बोहरा, नरेंद्र खटोड़, मनोज पारीक, मदन पुरोहित, ललित बोहरा, मनोहर सिंह, निलेश कोठारी, अनिल माहेश्वरी, भगवतीलाल असावा, विकास चौरड़िया, राजमल गुगलीया, खुबजी झंवर, खुमान सिंह, ओमजी माहेश्वरी, प्रवीण ओसवाल, हितेश मालाणी, दामोदर झंवर, निखलेश, निमीश, सौरभ सोमानी, तारामणी सोमाणी, सरिता, अंजलि, सोनाली और कोमल सहित ग्रामीण मौजूद थे।विधायक महेश्वरी का राजसमंद नगरीय क्षेत्र में घर-घर जनसंपर्क

राजसमंद। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने नगरीय क्षेत्र में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाते हुए घर-घर जाकर नागरिकों से संवाद किया। शहरवासियों से मिले अपार स्नेह, समर्थन और आशीर्वाद के लिए आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि यह जनसमर्थन भाजपा की विकासोन्मुखी नीतियों पर जनता के भरोसे का प्रमाण है। भारतीय जनता पार्टी राजसमंद नगर के प्रत्येक वार्ड के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। स्वच्छता, सड़क, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, जल निकासी सहित सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता के साथ मजबूत किया जाएगा। विधायक माहेश्वरी ने कहा कि भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। इसके विपरीत कांग्रेस के पास जनता को बताने के लिए ठोस विकास का कोई स्पष्ट विजन नहीं है और वह केवल नकारात्मक राजनीति एवं भ्रामक प्रचार के सहारे जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जनता के आशीर्वाद से राजसमंद में भाजपा की विजय होगी और राजस्थान में सर्वत्र कमल खिलेगा। शहरवासियों से मिले अपार स्नेह, समर्थन और आशीर्वाद के लिए आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि यह जनसमर्थन भाजपा की विकासोन्मुखी नीतियों पर जनता के भरोसे का प्रमाण है।

# जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में सनराइज एकेडमी के 11 खिलाड़ियों का चयन

जयवर्द्धन न्यूज़




**नाथद्वारा।** खेल प्रतिभाओं को निरंतर निखारने के लिए प्रतिबद्ध सनराइज एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के लिए यह गौरवपूर्ण उपलब्धि है कि विद्यालय के 11 होनहार क्रिकेट खिलाड़ियों का चयन जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए हुआ है। विद्यालय के खिलाड़ियों ने ब्लॉक स्तर पर अपने उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन एवं शानदार प्रदर्शन के दम पर जिला स्तर पर अपनी जगह बनाई है। 17 वर्ष आयु वर्ग में चयनित खिलाड़ी जीताक्ष शर्मा, जयेश टेलर, रुद्रांश मिश्रा, विराट गुजराती, नैतिक वर्मा एवं दिव्यांशु उपाध्याय हैं। वहीं 19 वर्ष आयु वर्ग में चयनित खिलाड़ी मोहम्मद रेहान, राजवीर दूरियां, प्रत्युष जोशी, आर्यन पालीवाल एवं मीत गह्लानी। सभी चयनित खिलाड़ी आगामी 20 से 23 सितंबर 2026 तक सुभाष पब्लिक स्कूल धोइंदा में आयोजित जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेंगे। विद्यालय के 11 खिलाड़ियों का एक साथ जिला स्तर के लिए चयन होना विद्यालय में खेलों के प्रति किए जा रहे निरंतर प्रयासों और खिलाड़ियों की मेहनत का प्रमाण है। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में हर्ष एवं उत्साह का माहौल है। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में खिलाड़ी अपने बेहतरीन प्रदर्शन के माध्यम से खमनोर ब्लॉक, सनराइज एकेडमी एवं नाथद्वारा का नाम रोशन करने के लिए मैदान में उतरेंगे। उन्होंने कहा कि खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व, आत्मविश्वास और टीम भावना विकसित करने का सशक्त माध्यम है। खिलाड़ियों की यह सफलता अन्य विद्यार्थियों को भी खेलों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को जिला स्तरीय प्रतियोगिता में पूरे आत्मविश्वास, अनुशासन एवं खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने तथा जीत के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए प्रेरित किया। सनराइज एकेडमी परिवार को विश्वास है कि ये 11 खिलाड़ी जिला स्तर पर भी अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए नाथद्वारा का गौरव बढ़ाएंगे और विद्यालय के लिए नई उपलब्धियां हासिल करेंगे।

# निजी विद्यालय संघर्ष समिति राजस्थान ने की संभाग संयोजकों की नियुक्ति

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** निजी विद्यालय संघर्ष समिति राजस्थान के प्रदेश संयोजक लालसिंह झाला ने प्रदेश में संगठन को मजबूत एवं विस्तार देने की दिशा में विभिन्न संभागों के संयोजकों की नियुक्ति की घोषणा की है। नियुक्त किए गए सभी संभाग संयोजक आगामी व्यवस्था तक अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। घोषित संभाग संयोजकों में जयपुर ग्रामीण से जगदीश बांगड़वा, जयपुर से डॉ मुकेश कुमार शर्मा, जोधपुर ग्रामीण से शेरसिंह राठौर, जोधपुर से विजयपालसिंह सिरोही, बीकानेर से अरुण गोदारा, अजमेर से हनुमान सिंह रावत, कोटा से हरिश तिवारी, भरतपुर से बंटी शर्मा, उदयपुर से नारायणलाल डांगी तथा टीएसपी क्षेत्र से तरुण त्रिवेदी को जिम्मेदारी प्रदान की गई है। प्रदेश संयोजक झाला ने बताया कि निजी विद्यालय संघर्ष समिति राजस्थान शीघ्र ही अपनी प्रदेश, जिला एवं ब्लॉक कार्यकारिणी की घोषणा करेगी। प्रदेश कार्यकारिणी में 100 से अधिक, जिला कार्यकारिणी में 50 से अधिक तथा ब्लॉक कार्यकारिणी में 30 से अधिक पदों पर सक्रिय एवं समर्पित विद्यालय संचालकों को जिम्मेदारियां दी जाएंगी। उन्होंने प्रदेश के सभी सक्रिय निजी विद्यालय संचालकों से संगठन से जुड़कर निजी विद्यालयों के हितों की लड़ाई को और अधिक मजबूत बनाने का आह्वान किया। झाला ने बताया कि 8 अगस्त 2026 को राज्य सरकार के साथ हुई वार्ता में समिति ने निजी विद्यालयों की विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से उठाया था। वार्ता के दौरान स्कूलों में बार-बार होने वाली जांच की व्यवस्था के स्थान पर वर्ष में एक बार जांच करवाने सहित विद्यालय संचालन में आ रही विभिन्न समस्याओं के समाधान पर विस्तार से चर्चा हुई। उन्होंने बताया कि समिति ने प्री-प्राइमरी कक्षाओं के आरटीई भुगतान तथा अब तक के समस्त लंबित आरटीई बकाया भुगतान का मुद्दा प्रमुखता से उठाया था, जिस पर सरकार द्वारा शीघ्र भुगतान के संबंध में आश्वस्त किया गया था। इसके अतिरिक्त समिति ने पांचवीं बोर्ड शुल्क, खेल शुल्क तथा निजी विद्यालयों एवं उनके विद्यार्थियों के साथ हो रहे भेदभाव का मुद्दा सरकार के समक्ष प्रमुखता से रखा। उन्होंने कहा कि निजी विद्यालय संघर्ष समिति राजस्थान प्रदेश के निजी विद्यालयों की समस्याओं के समाधान, उनके अधिकारों एवं हितों की रक्षा तथा विद्यालय संचालकों की आवाज को सरकार तक प्रभावी रूप से पहुंचाने के लिए निरंतर संघर्षरत रहेगी।

# महर्षि दधीचि जन्मोत्सव पर 18 सितंबर से होगा 24 घंटे का अखंड श्रीरामायण पाठ

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** महर्षि दधीचि नारायण जन्मोत्सव पर महर्षि दधीचि आश्रम विकास समिति, मातृकुंडिया के तत्वावधान में धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत शुक्रवार 18 सितंबर सुबह 8 से शनिवार सुबह 8 बजे तक 24 घंटे का अखंड श्रीरामायण पाठ आयोजित होगा। आयोजन समिति ने समस्त समाजबंधुओं, मातृशक्ति, युवाओं और बच्चों से 18 सितंबर को सुबह 7:30 बजे मातृकुंडिया पहुंचकर आयोजन में सहभागी बनने का आह्वान किया है। 19 सितंबर को अखंड रामायण पाठ की पूर्णाहुति के बाद महर्षि दधीचि नारायण पूजन, विशेष यज्ञ, पुष्पांजलि, शोभायात्रा, महाआरती, आमसभा एवं महाप्रसाद वितरण सहित विविध धार्मिक कार्यक्रम संपन्न होंगे। मेवाड़ चोखला अध्यक्ष विष्णुदत्त जोशी ने समाजजनों से आयोजन की जानकारी अधिक से अधिक ऑनलाइन माध्यमों से साझा कर कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने की अपील की है। संरक्षक श्यामलाल दाधीच ने कहा कि यह आयोजन धार्मिक आस्था के साथ समाज की एकता और युवा शक्ति को एकजुट करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। युवाओं की सक्रिय भागीदारी से समाज में संस्कार और धार्मिक भावनाएं सुदृढ़ होंगी। कार्यक्रम की तैयारियों में उपाध्यक्ष शंकरलाल जोशी, रमेश चंद्र दाधीच, प्रभुलाल दाधीच, उमेशचंद्र दाधीच, महावीर व्यास, गोपाललाल दाधीच, अखिलेश जोशी, विनोद कुमार व्यास, जगदीश चंद्र दाधीच, गौरव दाधीच, जगदीश चंद्र व्यास, भगवानलाल दाधीच, और शिवदयाल व्यास सहित समिति के समाजबंधु जुटे हुए हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### राजसमंद में स्त्री रोग को लेकर 46 महिलाओं का किया इलाज



जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद.** राजकीय जिला आयुर्वेद चिकित्सालय गणेश नगर राजसमंद में आयोजित निःशुल्क स्त्री रोग शिविर में 46 महिलाओं का इलाज किया गया। शिविर प्रभारी डॉ. परसराम योगी ने बताया कि शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण कर महिला रोगियों को स्वस्थ जीवनशैली, बिगड़ते खान पान, खराब दिनचर्या एवं रहन- सहन के बारे में जानकारी दी। शिविर में डॉ. अजय दाधीच, नर्स मोनिका पायल, मोनिका शर्मा व राजेश खदाव आदि मौजूद थे।

### आउटरीच सेशन से नियमित टीकाकरण से जुड़े बच्चे



जयवर्द्धन न्यूज़

**देलवाड़ा।** बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और गंभीर बीमारियों से सुरक्षा के उद्देश्य से चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में सब सेंटर उथान के अधीन नया खेड़ा में आयोजित आउटरीच सेशन के माध्यम से 10 में से 8 चिन्हित शिशुओं का सफलतापूर्वक टीकाकरण किया गया। ब्लॉक समन्वयक प्रकाश चंद्र, आशा सहयोगिनी और सीएचओ द्वारा पूर्व में किए गए सर्वे के दौरान नया खेड़ा क्षेत्र में एक शिशु जीरो डोज, दो शिशु संभावित जीरो डोज और सात शिशु ड्रॉप आउट पाए गए थे। मामले की जानकारी ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी को दिए जाने पर उन्होंने तुरंत आउटरीच सेशन आयोजित कर चिन्हित बच्चों को नियमित टीकाकरण अभियान से जोड़ने के निर्देश दिए। निर्देशों के पालन में गुरुवार को एएनएम संतोष, आशा कार्यकर्ता और सीएचओ द्वारा नया खेड़ा में विशेष आउटरीच सेशन आयोजित किया गया, जिसमें 8 बच्चों का टीकाकरण कर उन्हें सुरक्षा चक्र प्रदान किया गया। ब्लॉक समन्वयक ने बताया कि शिशु के अच्छे स्वास्थ्य और रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के लिए समय पर टीकाकरण अत्यंत आवश्यक है। जन्म से लेकर 5 वर्ष की आयु तक कुल 7 बार टीकाकरण किया जाता है, जो बच्चों को 11 गंभीर और जानलेवा बीमारियों से सुरक्षा प्रदान करता है।

### मोही क्षेत्र में जंगली सूअर का आतंक, चट् कर फसलें



जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** जिला मुख्यालय समीपवर्ती मोही कस्बे के आसपास खेतों में इन दिनों मक्का की फसल पकने के कगार पर है। किसानों ने मेहनत और उम्मीद के साथ मक्का की बुवाई की थी, लेकिन फसल तैयार होने से पहले ही जंगली सूअरों के झुंड खेतों में घुसकर फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं। कई खेतों में जंगली सूअरों ने मक्का के पौधों को रौंदकर एवं खाकर फसल को बर्बाद कर दिया है। फसल में नुकसान होने से किसान चिंतित हैं। किसानों का कहना है कि पूरी मेहनत और लागत लगाने के बाद अब फसल तैयार होने वाली थी, लेकिन जंगली सूअरों के लगातार खेतों में आने से नुकसान का खतरा बढ़ गया है। आसपास के खेतों में बची हुई फसल को जंगली सूअरों से बचाने के लिए किसान दिन-रात पहरा देने को मजबूर हैं। किसानों ने संबंधित विभाग से जंगली सूअरों के आतंक से निजात दिलाने और फसल को बचाने के लिए उचित कार्रवाई की मांग की है।

## संक्षिप्त खबरें

# विद्यार्थियों को दिए तनावमुक्ति के मंत्र, शिक्षा विभाग की मनोदर्पण कार्यशाला



जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर शिक्षा विभाग द्वारा विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने के लिए आयोजित विशेष कार्यशाला में राजस्थान सरकार के प्रोजेक्ट मनोदर्पण के अंतर्गत मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी नूतन प्रकाश जोशी के निर्देशन में यह कार्यक्रम पीएमश्री राउमावि चारभुजा, स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल केलवाड़ा तथा पैरामाउंट विद्यालय देवपुरा में संपन्न हुआ। इसमें अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी राजेंद्रसिंह चारण एवं मनोदर्पण प्रभारी पुष्पेंद्र पणिक्कर ने विद्यार्थियों को तनावमुक्त रहने का मार्गदर्शन दिया। कार्यशाला में चारण ने प्रेरक प्रसंगों के जरिए विद्यार्थियों को विपरीत परिस्थितियों में धैर्य बनाए रखने की सीख दी। टीम सदस्य गणपत सिंह चारण ने जीवन की हर चुनौती का डटकर सामना करने के लिए मानसिक रूप से मजबूत बनने पर बल दिया। मनोदर्पण प्रभारी पणिक्कर ने मानसिक स्वास्थ्य सुधारने के लिए 6सी का अनूठा सूत्र साझा किया। अंत में विद्यार्थियों को मानसिक एकाग्रता के लिए भ्रामरी प्राणायाम का अभ्यास कराया गया और जिज्ञासा समाधान सत्र में उनकी शंकाओं का निवारण किया गया। इस दौरान प्रधानाचार्य वर्षा बी राठौड़, विनोद सोनी, कमल कुमार सालवी, रामलाल तेली एवं शिक्षक कैलाश लोहार, ओमप्रकाश पालीवाल, तारा चौहान, दिनेश पालीवाल, लक्ष्मी बंधवाल, निहारिका नामा, मंजू चौहान, विष्णु तेली, पुष्कर सुथार, कैलाश यादव व ईश्वरलाल कुमावत सहित गणमान्य मौजूद थे।

# द्वारकाधीश मंदिर में श्रद्धालुओं को दिए साइबर सुरक्षा के टिप्स



जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** महानिदेशक पुलिस (साइबर अपराध एवं तकनीकी सेवाएं) के निर्देशानुसार सितंबर माह को साइबर सुरक्षित राजस्थान जन-जागरूकता माह के रूप में मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में एसपी हेमंत कलाल के निर्देशन, एएसपी महेंद्र पारीक के मार्गदर्शन तथा साइबर थानाधिकारी (डीएसपी) दुर्गाप्रसाद दाधीच के नेतृत्व में द्वारकाधीश मंदिर कांकरोली में आयोजित साइबर जागरूकता कार्यक्रम में मंदिर कर्मचारियों, श्रद्धालुओं और आमजन को साइबर ठगी से बचाव की जानकारी दी गई तथा जागरूकता पैम्पलेट बांटे गए। साइबर विशेषज्ञ खैरुल वसीम ने बताया कि साइबर अपराधी लोगों की भावनाओं, डर और लालच का फायदा उठाकर ठगी करते हैं। उन्होंने कहा कि अपराधी उपकरण से पहले पीड़ित के दिमाग और भावनाओं को हैक करते हैं, इसलिए किसी भी संदिग्ध कॉल, लिंक या मैसेज पर तुरंत भरोसा न करें। सुरक्षित डिजिटल आदतें अपनाकर ही इन अपराधों से बचा जा सकता है। सहायक उपनिरीक्षक नारायण शर्मा ने ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, डिजिटल अरेस्ट, ओटीपी धोखाधड़ी, निवेश घोटाले, क्यूआर कोड स्कैन और सोशल मीडिया फ्रॉड के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि साइबर अपराध अब केवल तकनीकी समस्या नहीं, बल्कि सामाजिक चुनौती बन चुका है। अधिकारी ने अपील की कि किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होने पर बिना समय गंवाए तुरंत 1930 हेल्पलाइन पर संपर्क करें और एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं।

# तापड़िया बने भारत विकास परिषद राजस्थान मध्य प्रांत के प्रांतीय अध्यक्ष

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** भारत विकास परिषद राजस्थान मध्य प्रांत की आयोजित



बैठक में सर्वसम्मति से सतीश तापड़िया को प्रांतीय अध्यक्ष मनोनीत कर पद का प्रभार सौंपा गया है। राजसमंद जिला समन्वयक नवीन असावा ने बताया कि पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष राधेश्याम सोमानी द्वारा आगामी निकाय चुनाव लड़ने के कारण अपने पद से त्यागपत्र दे दिया था। इसके बाद आयोजित प्रांतीय बैठक में परिषद के सदस्यों ने सर्वसम्मति से राजसमंद निवासी सतीश तापड़िया के नाम पर सहमति व्यक्त करते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा। मनोनयन के पश्चात नवनिर्वाचित प्रांतीय अध्यक्ष सतीश तापड़िया ने बैठक को संबोधित करते हुए सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने विश्वास दिलाया कि सभी सदस्यों के सक्रिय सहयोग से परिषद के सेवा और संस्कार से जुड़े प्रकल्पों को निरंतर सुचारू रूप से आगे बढ़ाया जाएगा। तापड़िया के प्रांतीय अध्यक्ष बनने पर परिषद की राजसमंद शाखा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने हर्ष व्यक्त किया।

# ध्यान से अहंकार का शमन और स्वस्थ जीवन के लिए ओरिजिनल

## - रीजनल व सीजनल आहार जरूरी : डॉ श्यामा दीदी व डॉ गोपाल शास्त्री

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** इंटरनेशनल एसोसिएशन फॉर साइंटिफिक स्प्रिचुअलिज्म (मेरठ) एवं मानस योग साधना परिवार (कांकरोली) के तत्वावधान में आयोजित स्वास्थ्य एवं आध्यात्मिक विकास शिविर के पांचवें दिन अध्यात्म और स्वास्थ्य का सुंदर संगम देखने को मिला। सत्र के दौरान संस्था की अध्यात्म प्रमुख श्यामा दीदी ने तप, सेवा और सुमिरन साधना के सुमिरन सिद्धांत की व्याख्या करते हुए बताया कि नियमित मेडिटेशन से व्यक्ति के अहंकार का नाश होता है। जब अहंकार कम होता है तो गुस्सा




समाप्त हो जाता है और मन में मनुष्य मात्र के प्रति सद्भाव का भाव पैदा होने लगता है। इसी दौरान डॉ गोपाल शास्त्री ने तप के विषय में व्याख्या करते हुए बताया कि व्यक्ति को स्वस्थ रहने के लिए सदैव ओरिजिनल, रीजनल और सीजनल यानी प्राकृतिक, स्थानीय और ऋतु अनुकूल आहार ही ग्रहण करना चाहिए। उन्होंने बताया कि दिन में एक समय प्राकृतिक रूप से उपलब्ध अपक्व आहार लें और दूसरे समय रसोई में बना भोजन ग्रहण करें, जिसमें 80 प्रतिशत सब्जियां तथा केवल 20 प्रतिशत अनाज होना चाहिए। प्रातःकालीन सत्र में शिविरार्थियों को जलनेति, विविध आसन तथा प्राणायाम सिखाए गए। सायंकालीन सत्र के बाद डॉ गोपाल शास्त्री ने शिविरार्थियों को व्यक्तिगत रूप से रोग अनुसार चिकित्सकीय आहार परामर्श एवं आयुर्वेदिक औषधियों के सेवन की सलाह प्रदान की। शिविर में जगदीश प्रसाद, मधुसूदन व्यास, सुरेश व्यास, महेश दत्त शर्मा, जितेंद्र दाधीच और कमल किशोर व्यास आदि कार्यकर्ताओं ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं।

# अजमेर में प्रत्याशी के कहने पर चुनावी बैनर हटाने गए युवक की करंट लगने से मौत

जयवर्द्धन न्यूज़

**अजमेर।** अजमेर के किशनगढ़ में चुनावी प्रचार सामग्री हटाते समय बुधवार शाम 18 वर्षीय युवक करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे अजमेर के जवाहरलाल नेहरू अस्पताल रेफर किया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना पर मदनगंज थाना पुलिस देर शाम अजमेर पहुंची। इधर, पोस्टमॉर्टम को लेकर मृतक के परिजनों ने आपत्ति जताते हुए हंगामा कर पोस्टमॉर्टम कराने से इनकार कर दिया। समझाइश के बाद मामला शांत हुआ, लेकिन सूर्यास्त होने से बुधवार को पोस्टमॉर्टम नहीं हो सका। गुरुवार सुबह पोस्टमॉर्टम की कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार, किशनगढ़ नया शहर स्थित गुर्जर मोहल्ला निवासी कुलदीप उर्फ वासु (18) पुत्र कालूराम गुर्जर बुधवार शाम 5 बजे चुनावी प्रचार थमने के बाद वार्ड-42 में चुनावी बैनर हटाने गया था। इस दौरान लोहे का पाइप बिजली के तार के संपर्क में आने से कुलदीप करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। उसे तत्काल राजकीय यज्ञनारायण अस्पताल पहुंचाया गया। हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों





ने उसे अजमेर के जेएलएन अस्पताल रेफर कर दिया। यहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

### मौत की सूचना पर अजमेर पहुंची पुलिस

युवक की मौत की सूचना मिलने पर मदनगंज थाना पुलिस देर शाम अजमेर पहुंची। शव के पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया शुरू होने से पहले ही परिजनों ने आपत्ति जताते हुए हंगामा कर दिया। हंगामे की सूचना पर मेडिकल फॉरेंसिक विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. आरके माथुर, सदर कोतवाली थाने के सहायक उपनिरीक्षक सुखपाल सहित पुलिस जाप्ता मौके पर पहुंचा। परिजन का कहना था कि पहले मामले में जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। काफी समझाइश के बाद परिजन शांत हुए, लेकिन तब तक सूर्यास्त होने से पोस्टमॉर्टम की कार्रवाई नहीं हो सकी।

### मामा बोले- किसने, क्यों भेजा, करें जांच

मृतक के मामा मुकेश गुर्जर ने आरोप लगाया कि चुनाव प्रचार थमने के बाद बैनर नहीं हटाए जाते तो नगर परिषद के कर्मचारी उन्हें हटा देते। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रत्याशी ने कुलदीप को बैनर हटाने के लिए भेजा था और इसी दौरान हादसा हुआ। उन्होंने कहा कि पोस्टमॉर्टम से पहले मृतक के परिवार को न्याय दिलवाने को लेकर बातचीत की जाएगी। यह बताएं कि कुलदीप पोल पर किस वजह से चढ़ा, उसे किसने भेजा और घटना किन परिस्थितियों में हुई? पार्षद प्रत्याशी भी मौके पर आए और आश्वासन देकर चले गए।

### किशनगढ़ में पोस्टमॉर्टम की मांग

परिजन शव को किशनगढ़ ले जाकर वहीं पोस्टमॉर्टम करवाने की मांग कर रहे थे। उनका कहना था कि घटना किशनगढ़ में हुई है, इसलिए पोस्टमॉर्टम भी किशनगढ़ में ही कराया जाए। हालांकि, पुलिस ने गुरुवार सुबह पोस्टमॉर्टम करवाया।

# श्री महावीर जी जैन मंदिर पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला सुरक्षित, श्वेतांबर और दिगंबर संप्रदाय को दी ये सलाह

जयवर्द्धन न्यूज़

जयपुरः सुप्रीम कोर्ट ने प्रसिद्ध 'श्री महावीर जी जैन मंदिर' के प्रबंधन और संचालन को लेकर जैन धर्म के श्वेतांबर और दिगंबर संप्रदायों के बीच चल रहे विवाद पर बुधवार को सुनवाई पूरी कर ली। फैसला बाद में सुनाया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों को धार्मिक भावनाओं से जुड़े इस मामले में संयम बरतने की सलाह देते हुए कहा, जिस भगवान के नाम पर दोनों पक्ष लड़ रहे हैं, क्या वह इस तरह कानूनी लड़ाई से खुश होंगे?

न्यायाधीश जेबी पारदीवाला और न्यायाधीश के. विनोद चंद्रन की पीठ ने इस मामले पर बुधवार को सुनवाई की। दोनों पक्षों को आठ दिन के भीतर लिखित बहस पेश करने के निर्देश दिए हैं। लोक न्यास अधिनियम, 1959 के तहत कार्यवाही से विवाद शुरू हुआ था। मंदिर प्रबंधन से दिगंबर समिति अध्यक्ष और सचिव को हटाने तथा श्वेतांबर संप्रदाय की नई प्रबंध समिति बनाने की मांग की गई।



### विवाद करें समाप्त

सुनवाई के दौरान न्यायाधीश पारदीवाला ने दोनों पक्षों से कहा, यह बहुत ही संवेदनशील मामला है और किसी भी पक्ष की भावनाओं को ठेस पहुंचाए बिना विवाद को समाप्त करने की जरूरत है। उन्होंने दोनों पक्षों से पूछा कि क्या ऐसा संभव है कि सुबह श्वेतांबर संप्रदाय अपनी परंपरा के अनुसार भगवान की पूजा करे और शाम को दिगंबर संप्रदाय भगवान के वस्त्र बदलकर अपनी पद्धति से पूजा करे। आप अनावश्यक मुकदमेबाजी कर भगवान को क्यों परेशान कर रहे हैं? क्या आपको लगता है भगवान इस सबसे खुश होंगे?

बताते चलें कि साल 1970 में एसडीएम ने दिगंबर समिति के खिलाफ प्रार्थना पत्र मंजूर किया। दिगंबर समिति की ओर से पूजा स्थल अधिनियम, 1991 के तहत पेश प्रार्थना पत्र के आधार पर अक्टूबर 1994 में ट्रायल कोर्ट ने रोक लगा दी। हाईकोर्ट में अपील दायर की गई, जिसका दिगंबर समिति ने विरोध किया कि 1991 के अधिनियम के तहत कार्यवाही समाप्त हो चुकी थी।

क्या है दोनों पक्षों की दलीलें?

वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान का तर्कः इस मामले में पूजास्थल परिवर्तन की कोई मांग नहीं की गई है, इसलिए पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 1991 इस मामले में लागू नहीं होता है। उन्होंने कहा कि यह मामला केवल संपूर्ण जैन समुदाय के हित में मंदिर के प्रबंधन से जुड़ा है।

दिगंबर समिति की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता आर्यमा सुंदरम का तर्क

हाईकोर्ट को अपील पर सुनवाई नहीं करनी चाहिए थी, क्योंकि 1991 के कानून के तहत कार्यवाही समाप्त कर दी गई और उसमें अपील का प्रावधान नहीं है। ऐसे में हाईकोर्ट में याचिका दायर होनी चाहिए थी। तथ्य यह है कि मूर्ति (देवता), मंदिर और उससे जुड़ी संपत्तियों का नियंत्रण, कब्जा और प्रबंधन दिगंबर जैन संप्रदाय के पास ही रहा है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक ललिता कुंवर के लिये मुद्रक वेदान्त प्रभाकर द्वारा मेधा कप्यूटर्स, नंद भवन, कांवाखेड़ा पार्क के पास, भीलवाड़ा से मुद्रित व ग्राम बागोटा, डाकघर सांगठकला जिला राजसमंद, राजस्थान - 313324 से प्रकाशित । संपादक - लक्ष्मण सिंह राठौड़ । पत्र पंजीयन संख्या आर.एन.आई. RJBIL/26/A5478। सभी प्रकार के प्रसंगो का न्याय क्षेत्र राजसमंद ही रहेगा ।